## राजस्थान शूटिंग बॉल संघ टीम में हर्षवर्धन का चयन

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** बिहार के बोध गया में 29 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक आयोजित होने जा रही 43वीं राष्ट्रीय सब जूनियर शूटिंग बॉल चैम्पियनशिप के लिए घोषित राजस्थान शूटिंग बॉल संघ की टीम में दौसा जिला शूटिंग बॉल संघ के खिलाड़ी हर्षवर्धन वेद का चयन हुआ है। राजस्थान शूटिंग बॉल संघ के संयुक्त सचिव सुनील बैंसला ने बताया कि हाल ही में जोधपुर में सम्पन्न हुई 43वीं राजस्थान राज्य शूटिंग बॉल चैम्पियनशिप के खेल प्रदर्शन के आधार पर चीमापुरा बांदीकुई निवासी शारीरिक शिक्षक कमल कुमार बैरवा के बेटे हर्षवर्धन वेद का राजस्थान शूटिंग बॉल संघ की पुरुष सब जूनियर वर्ग टीम में चयन हुआ है। इस दौरान जिला शूटिंग बॉल संघ दौसा के संरक्षक मधुलाल प्रजापति, दीपक पटेल, सियाराम शर्मा, कालूराम योगी, चेयरमैन सुनील बैंसला, अध्यक्ष सीताराम मीणा, महासचिव कैलाश बैंसला, कोषाध्यक्ष मुकेश पांचाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामस्वरूप फौजी, गिर्राज बांसरोटा, नरेश पाराशर, जयकिशोर मीणा, गिर्राज प्रसाद सैनी, मंगल सिंह कालेडा, एडवोकेट सुमेर सिंह रलावता, नत्थू सिंह राजावत, भीमराज हर्षाना, रमेश चन्द रलावता सहित पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने खुशी का इजहार किया है।



## गौ विज्ञान अनुसंधान एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**मॉर्निंग न्यूज @ सिरोही।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवगंज में गौ विज्ञान अनुसंधान एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा 2024 का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रभारी भगवानराम देवासी एवं कान सिंह राठौड़ ने बताया परीक्षा में में 65 परीक्षार्थियों ने उपस्थित रहकर परीक्षा दी। परीक्षा में भारतवर्ष में गायों की सुरक्षा एवं सामान्य जानकारी से संबंधित प्रश्नों का जवाब छात्राओं द्वारा दिया गया।

## नेक कमाई ने पांच बेटियों के कराए पीले हाथ, 231 बेटियों का किया कन्यादान

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** नेक कमाई फाउंडेशन और डॉ. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से चलाए जा रहे कन्यादान कार्यक्रम में पांच बेटियों का कन्यादान किया गया। इसके साथ ही फाउंडेशन की ओर से 231 कन्यादान पूरे कर लिए हैं। इस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक सुरेश कुमार कुडी ने कहा कि कन्यादान का नाम आते ही अपनत्व और सामाजिकता के भाव आते हैं। समाज में बढ़ते अपराधों का कारण युवा पीढ़ी का समाज से दूर रहना और संयुकत परिवार का समाप्त होना है। अपराधों की रोकथाम के लिए युवा पीढ़ी में हमें सेवा के भाव लाने होंगे जो नेक कमाई जैसी संस्था के कन्यादान कार्यक्रम में देखने को मिलते हैं। यहां बेटियों को बिना किसी भेदभाव और दिखावे के उपहार दिए जाते हैं।

कार्यक्रम में संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि नेक कमाई की ओर से शहर में दो सिलाई केन्द्र और गरीब बच्चों के लिए इवनिंग कक्षाएं संचालित हो रही हैं। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि शहर में बिंदू कपूर के नेतृत्व में महिला स्वयं सहायता समूह के साथ मिलकर महिला स्वावलंबन केन्द्र चलाए जाएंगे जिनके बने उत्पादों की सूची बनाई जा रही है जिनको मार्केट उपलबध कराया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महावर महिला मंच की अध्यक्ष कुमकुम गुप्ता, ऋषभ देव महिला मंडल की अध्यक्ष मनीषा जैन, सचिव सुनीता जैन और कोषाध्यक्ष दीपमाला जैन रही। नेक कमाई फाउंडेशन की निशुल्क शिक्षा प्रभारी प्रवीन बत्रा ने अतिथियों का स्वागत किया और कच्ची बस्तियों में चल रहे शिक्षा केन्द्रों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सुरेश गुप्ता हुंडी वाले, गायत्री परिवार से प्रतिभा सिंह, मोनिका जैन, दीपमाला जैन, रचना कालरा, डॉ. गंगा वधवा, कमला यादव, नगर निगम से जुड़े जितेन्द्र कुमार, आशुतोष शर्मा व सुरेश सहित पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय संगठक रमेश आहूजा, पुरुषार्थी धर्मशाला समिति के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र आहूजा, मनोज कुमार मधुबाला मीणा, डॉ. सत्यभान यादव, उमा बजाज, अजय आंनद गोयल, दिव्यांशी कालरा और जितेन्द्र सेतिया उपस्थित थे। संचालन गुरप्रीत सिंह पवित्र ने किया। अंत में प्रवीन बत्रा ने आभार जताया। इस कार्यक्रम में डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट, खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट, ऋषभ देव महिला मंडल, आलमचंद भागवंती देवी गांधी ट्रस्ट, गुलाब देवी रूपचंद बंसल स्मृति ट्रस्ट और सेन्सेशन बयूटी संस्थान का सहयोग रहा। नेक कमाई फाउंडेशन की संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल ने सभी भामाशाह और संस्थाओं के प्रतिनिधियों से जरूरतमंद बेटियों के कन्यादान कार्यक्रम में बढ़-चढकर भाग लेने की अपील की है।

# 21 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

## महामण्डलेश्वर मोरारी बापू का पुष्प वर्षा एवं भजन-कीर्तन के साथ नगर प्रवेश

**मॉर्निंग न्यूज @ सिरोही**

सिरोही में आयोजित होने जा रही 21 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के लिए पुष्कर पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर श्री दिव्य मोरारी बापू का नगर प्रवेश रामझरोखा मैदान में 20 नवंबर को हुआ। इस अवसर पर भक्तों ने ढोल बाजे के साथ उनका स्वागत सत्कार किया। श्रीमद भागवत कथा हेतु सभी भक्तगणों ने तैयारियां पूर्ण कर ली है तथा कथा हेतु रामझरोखा मैदान में टेंट आदि भी सुसज्जित हो गये हैं।

श्रीमद् भागवत कथा हेतु भागवत यात्रा 21 नवंबर को ही मोरारी बापू के पावन सानिध्य में श्री सरियादेवी मंदिर से कथा स्थल रामझरोखा मैदान हेतु



गाजे बाजे के साथ निकाली गई। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रामझरोखा मैदान में 21 नवंबर 2024 से शुरु हुआ, जो 11 दिसंबर 2024 तक प्रतिदिन तक आयोजित होगा। भक्तों ने सिरोही में जगह-जगह कथा के होर्डिंग लगाए हैं तथा विभिन्न माध्यमों से भक्तों को कथा श्रवण हेतु आमंत्रित किया गया है। दिव्य मोरारी बापू सेवा ट्रस्ट एवं सिरोही में आयोजित होने जा रही कथा के व्यवस्थापक घनश्याम जी महाराज ने बताया कि दिव्य मोरारी बापू की सिरोही में दसवीं कथा है। इससे पूर्व की सभी कथाएं बहुत सफल और उत्साहित करने वाली रही है।

देवनगरी सिरोही में बापू की यह कथा सिरोही में भक्तों के विशेष आग्रह और भक्तगणों के सौजन्य से आयोजित होने जा रही है।

घनश्याम जी महाराज तथा सनातन धर्म प्रेमी गोपाल सिंह राव पोसालिया ने सिरोही वासियों तथा आसपास के धर्म प्रेमियों से इस कथा में आने और कथा श्रवण का धार्मिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## भाजपा पालड़ी एम संगठन पर्व की कार्यशाला आयोजित

**मॉर्निंग न्यूज @ सिरोही।** भारतीय जनता पार्टी की पालड़ी एम मंडल की संगठन पर्व की कार्यशाला पालड़ी एम के कालिका माता जी मन्दिर में संगठन पर्व मंडल प्रभारी लक्ष्मण कोली, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह देवड़ा, पूर्व जिला महामंत्री सूरजपाल सिंह अरठवाडा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रभारी लक्ष्मण कोली ने बूथ स्तर की कमेटी गठन के लिए सूरजपाल सिंह अरठवाडा, जितेन्द्र सिंह देवड़ा, छोटेलाल सुथार, मनोहर सिंह बारेवड़ा, विक्रम सिंह राड़बर को प्रभारी बनाया एवं बूथ स्तर की कमेटी गठन के निर्देश दिए। बैठक में मंडल महामंत्री विक्रम सिंह राड़बर, मनोहर सिंह बारेवड़ा, ओबाराम कुम्हार, जसवंत सिंह, बद्रीलाल आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा संगठन महापर्व कार्यशाला का आयोजन



**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** भारतीय जनता पार्टी बांदीकुई शहर मंडल की प्राथमिक व सक्रिय सदस्यता अभियान एवं संगठन महापर्व कार्यशाला मंडल अध्यक्ष मनोज टोडवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में मंडल प्रभारी सुरेश घोसी ने सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और अपने विचार रखें साथ ही द्वारका प्रसाद छोकरवाड़ा ने वी अपने विचार रखे। इस दौरान मंडी अध्यक्ष कजोड़ सैनी, गौरी शंकर सैनी, नरसिंह सैनी, डॉक्टर सोमेश विजय, अजीत भदोरिया, अशोक पार्षद, दिलीप पार्षद, उमेश सलोटिया, अवधेश उपाध्याय, रामावतार शर्मा, प्रदीप नागर, प्रकाश माठा, श्याम अग्रवाल, राजेश सेठी, उदयभान सिंह गुर्जर, संतोष बढ़ाया महावीर माल, ज्योति भागवत, ओमप्रकाश मुंशी, इंद्र सहारा, पूर्व प्रधान सुबुद्धि, रामधन मीणा, पिंटू ढेर, प्रवेन्द्र शर्मा, कैलाश हजान, तेज सिंह मीणा, दिनेश मीणा, प्रेम प्रकाश जारवाल, हनुमान सेन, राधा मोहन, पुरुषोत्तम शर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 22 दिसम्बर के संबंध में मनोज मीना, एडीजे-01 बांदीकुई की अध्यक्षता में बैंक अधिकारियों के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के सभी अधिकारियों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में धारा 138 एन.आई.एक्ट व धन वसूली से संबंधित लंबित प्रकरणों को आवश्यक रूप से लोक अदालत में रखने, उनकी तामील अति-आवश्यक रूप से करवाने व लोक अदालत में अधिक से अधिक सहयोग करने के संबंध में निर्देश प्रदान किए गए। सचिव जगदीश ने बताया कि उक्त मीटिंग में रोमा भाटिया एसीजेएम बांदीकुई, सुश्री शशि एजेएम एवं बैंकों के अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## नव प्रवेशित विद्यार्थियों का व्हाईट कोट सेरेमनी समारोह का आयोजन

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** वाईपीएसएम. होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल शिवाजी पार्क अलवर के सभागार में शुक्रवार को नव प्रवेशित बीएचएमएस. के सत्र 2024-25 के छात्र-छात्राओं का अभिनन्दन व व्हाईट कोट सेरेमनी समारोह का आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम संस्था के चैयरमेन डॉ वीके. अग्रवाल व डॉ मंजू अग्रवाल ने दीप प्रवज्लित कर कार्यक्रम का आगाज विधिवत् रूप से किया। डॉ मंजू अग्रवाल के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं व्हाईट कोट पहनाकर व्हाईट कोट सेरेमनी की परम्परा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ वी.के. अग्रवाल ने अपने अनुभव से नवआगंतुक छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया व पी.पी. द्वारा आधुनिक



शिक्षा में तकनीक व प्रोफेशनल शिक्षा में टाईम मेनेजमेन्ट का महत्व बताया।

कार्यक्रम के अन्त में कॉलेज के प्राचार्य डॉ एम.के. शर्मा, डीन अकादमिक डॉ अशोक पाठक ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को बीएचएमएस. में प्रवेश के लिए बधाई दी व सभी फैकल्टी का परिचय कराया। कार्यक्रम संचालिका डॉ अंजली जोशी जो कि प्रथम वर्ष की मेन्टोर भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को 10 दिवसीय विद्यार्थी फाउन्डेशन कोर्स जो कि एनसीएच भारत सरकार द्वारा अनुमोदित है इसके बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था के चैयरमेन डॉ वी.के. अग्रवाल व डॉ मंजू अग्रवाल, प्राचार्य डॉ एम.के. शर्मा, डीन अकादमिक अशोक पाठक, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, फैकल्टी व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# पत्रकारों पर हुए हमले का विरोध कर सुरक्षा कानून लागू करवाने की मांग

**मॉर्निंग न्यूज @ सिरोही।** टोंक जिले के अलीगढ़ में सड़क अवरुद्ध कर प्रदर्शन कर रही भीड़ को कवरेज करने के दौरान पत्रकार अजीतसिंह शेखावत और कैमरामैन धर्मेन्द्र पर अचानक भीड़ द्वारा हमला करने की घटना को लेकर पुरे प्रदेश के पत्रकारों में जोरदार आक्रोश है।



इसी को लेकर आज सिरोही जिले के शिवगंज में पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे की शिवगंज उपखंड ईकाई ने भी अपना विरोध दर्ज करवाते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम शिवगंज एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। आईएफडब्ल्यूजे के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रमसिंह करनोत के नेतृत्व में शिवगंज उपखंड के अनेकों पत्रकार एसडीएम कार्यालय पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की कड़ी निंदा करते हुए एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने और प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा हेतु पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करवाने की मांग की। प्रदेश प्रतिनिधि विक्रमसिंह करनोत ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में हमारा संगठन पिछले 8 वर्षों से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू की मांग करता आ रहा हैं। और इस हेतु प्रदेश भर से पत्रकारों ने पिछली सरकार के दौरान दो बार विधानसभा का घेराव भी किया गया था। लेकिन सरकार ने आज दिन तक सिर्फ आश्वासन ही दिए हैं। पत्रकारों की सुरक्षा हेतु अभी तक सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। सरकार के इस ढुलमुल रवैए के कारण ही आए दिन प्रदेश के कई पत्रकारों पर हमले की घटनाएं सामने आती हैं। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। करनोत ने कहा कि प्रदेश सरकार को स्वच्छ लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए लोकतंत्र के चौथे प्रहरी को सुरक्षित करना नितांत आवश्यक हैं।

देश की आजादी में मीडिया ने महत्ती भूमिका निभाई थी। और आज भी मीडिया देश के लोकतंत्र को सजीव रखने में हमेशा तत्परता से कार्य कर रहा हैं। लेकिन लोकतंत्र को कमजोर करने वाली शक्तियां लगातार मीडियाकर्मियों पर हमले करके लोकतंत्र के प्रहरी को खत्म करना चाहते हैं। मीडिया को संरक्षण देने के लिए सरकार को पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करना ही चाहिए।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा महासभा की कार्यकारिणी गठित

**मॉर्निंग न्यूज @ सिरोही।** अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा महासभा दिल्ली के रजिस्टर संस्था के युवा अध्यक्ष संजय पढ़ियार ने गुजरात कच्छ प्रदेश गांधीधाम के युवा अध्यक्ष के पद पर कालिदास प्रताप परिहार निवासी गांधीधाम को नियुक्त किया है।



## स्थापना दिवस पर स्वच्छ, हरित, सुन्दर कार्यनीति बने : जूली

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** राजस्थान विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा है कि अलवर क्षेत्र में बढते वायु प्रदूषण से बने भयावह हालात के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की उदासीनता जिम्मेदार हैं। केन्द्रीय पर्यावरण, वानिकी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव अलवर से लोकसभा सांसद हैं, वहीं राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा भी अलवर से हैं। इसके बावजूद 'राजस्थान का सिंहद्वार' अलवर क्षेत्र वायु प्रदूषण की गम्भीर त्रासदी को झेल रहा है। 25 नवम्बर को अलवर नगर का 250वां स्थापना दिवस है। इस अवसर पर केन्द्र व राज्य सरकार अरावली के अंचल में बसे अलवर क्षेत्र को 'स्वच्छ, हरित व सुन्दर' बनाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना घोषित करें।

## पृष्ठ एक का शेष...

### दिल्ली में बीकानेर...

हाउस प्रॉपर्टी को अटैच करने का आदेश जारी कर दिया।

**सितंबर में दिया था कुर्की आदेश :** दिल्ली में राजस्थान सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने बताया कि कॉर्मिशयल कोर्ट ने बिना सरकार का पक्ष सुने सितंबर में यह एकतरफा कुर्की आदेश जारी किया था। आदेश की जानकारी सामने आने के बाद सरकार ने तुरंत प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। हम पहले कॉर्मिशयल कोर्ट में रिकॉल एप्लीकेशन दायर करके सरकार का पक्ष सुनने का आग्रह करेंगे। उन्होने कहा कि इस मामले में जिन अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती गई हैं। उनकी जवाबदेही सुरक्षित करने के लिए भी सरकार मामले की जांच करवाएगी।

**बीकानेर हाउस में है मुख्यमंत्री का दफ्तर**

दरअसल बीकानेर हाउस दिल्ली में राजस्थान सरकार की ऐतिहासिक इमारत हैं। इस बिल्डिंग में सीएम भजनलाल शर्मा का भी कार्यालय है। इसके अलावा यहां हाई कोर्ट, पर्यटन, राजस्थान फाउंडेशन, आरएसआरटीसी सहित कई विभागों के कार्यालय संचालित हैं।

### देश की सीमाओं...

तक कि पहाड़ी इलाकों में हर बाधा को पार करने में सक्षम बनाता है। रोबोटिक डॉग जवानों को किसी भी नुकसान से बचाते हुए दुश्मन के ठिकानों पर गोलीबारी करने में भी सक्षम है। म्यूल डॉग 1 मीटर से 10 किमी की रेंज तक ऑपरेट किया जा सकता है। वाई-फाई या लॉन्ग टर्म इवोल्यूशन यानी एलटीई पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है। छोटी दूरी के लिए, वाई-फाई का उपयोग किया जा सकता है, जबकि 4जी/एलटीई का उपयोग 10 किमी तक की दूरी के लिए किया जा सकता है। इसमें कैमरा लगा होता है जो 360 डिग्री तक घूम सकेगा। रोबोटिक डॉग्स सेंसर्स के माध्यम से काम करते हैं। इनमें एक रिमोट कंट्रोल यूनिट होती है, जिससे इनको मॉनिटर किया जाता है। ये रोबोटिक डॉग्स जरूरी सामान की सेना तक आपूर्ति करेंगे। इन रोबोटिक डॉग्स में हाई रिजॉल्यूशन वाले कैमरे और सेंसर लगे होते हैं, जो छुपे हुए दुश्मन को भी खोज निकालेंगे। रियल टाइम डाटा देंगे। इनके जरिए सेना दुश्मन की हरकतों पर नजर रखेगी। चीन ने पहले ही अपने सैन्य अभियानों में रोबोट डॉग्स को शामिल कर लिया है।

### शादी में...

स्वागत किया। इस दौरान अखिलेश यादव को 21 किलों फूलों से बनी माला पहनाकर कार्यकर्ताओं ने अखिलेश के साथ फोटो खिंचवाई। इस दौरान डिंपल यादव गाड़ी में ही बैठी नजर आई।

**प्रियंका गांधी पहले ही पहुंच चुकी थीं :** राहुल से पहले प्रियंका गांधी और उनका परिवार पहले ही जयपुर पहुंच चुका था। प्रियंका गांधी अपने परिवार के साथ तीन दिन पहले ही रणथंभौर टाइगर रिजर्व में आ चुकी थी। अब वो जयपुर आईं हैं। एक सप्ताह पहले भी चुनाव प्रचार के बीच प्रियंका गांधी विशेष विमान से जयपुर एयरपोर्ट पर आईं थीं और बेटे रेहान को जयपुर एयरपोर्ट पर उतारकर वापस चुनाव प्रचार के लिए चली गई थी।

### प्रदेश में...

में आता है। सबसे ज्यादा एक्यूआई लेवल भिवाड़ी में 342 दर्ज हुआ। जयपुर में 325, गंगानगर में 305 और सीकर में एक्यूआई लेवल 310 पर दर्ज हुआ। इधर, चूरू, झुंझुनूं के एरिया में भी एक्यूआई लेवल खराब स्थिति में रहा। चूरू में 228 और झुंझुनूं में 226 एक्यूआई लेवल दर्ज हुआ, जो इन जिलों को ऑरेंज जोन में लेकर आ गया।

राजस्थान में अचानक तापमान में गिरावट होने से सर्दी बढ़ गई। न केवल रात बल्कि दिन में भी लोगों को सर्दी महसूस होने लगी है। अजमेर, भीलवाड़ा, जयपुर, कोटा, सीकर, उदयपुर, जोधपुर, चूरू में दिन का अधिकतम तापमान औसत से 3 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया है। कल सबसे ठंडा दिन सिरोही में रहा। यहां अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इधर दिन के साथ रात में हल्की सर्द हवाएं (शीतलहर) भी चलनी शुरू हो गई। अधिकांश शहरों में रात का मिनिमम तापमान 10 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ।

### राजस्थान हाईकोर्ट...

हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन का चुनाव 13 दिसंबर को होना चाहिए। इसके बावजूद वर्तमान अध्यक्ष ने एसोसिएशन की साधारण सभा प्रस्ताव चुनाव दो बार कराने का संशोधन कर दिया, जबकि जनरल हाउस मीटिंग में कोरम पूरा नहीं था। एसोसिएशन में 5 हजार सदस्य हैं, लेकिन मीटिंग में 2500 सदस्य वकील मौजूद थे। बिना कोरम के गैर-कानूनी तरीके से एक साल का कार्यकाल बढ़ाया गया। इस बार चुनाव की घोषणा नहीं करना और एक साल के समय को बढ़ाना कंटेप्ट ऑफ कोर्ट की श्रेणी में आता है। राजस्थान एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष (जोधपुर) रतनाराम ठोलिया ने बताया कि हमें नोटिस नहीं मिला है। वर्तमान में एडवोकेट एसोसिएशन की 6 पदों की कार्यकारिणी (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव , सहसचिव, लाइब्रेरी सचिव व कोषाध्यक्ष) के चुनाव पिछले साल 8 दिसंबर को साल 2023-24 के लिए हुए थे। इसके बाद कार्यकारिणी ने 16 अप्रैल को एसोसिएशन की साधारण सभा बुलाकर प्रस्ताव पारित किया गया था। राजस्थान हाइकोर्ट जयपुर बेंच में 13 दिसंबर को वार्षिक चुनाव की घोषणा चार नवंबर को कर दी गई थी। राजस्थान की दूसरी सबसे बड़ी एसोसिएशन नियमानुसार 13 दिसंबर को चुनाव करवा रही है। अन्य बार एसोसिएशन के चुनाव भी साल 2024-25 के लिए 13 दिसंबर को ही करवाए जाएंगे।

NAME CHANGE

I Have Change My Name From Mansoori Nasreen Akhtar Abdul Gani To Nasreen Akhtar. For All Purposses Add. B-83 Prem Colony Nehru Nagar Panipech Jaipur Rajasthan

I Have Changed My From Name Vishni Kumari To Vishni Khemani. For All Future Purpose Add. 6/237 Malviya Nagar Jaipur Rajasthan 302017

I Have Changed My Name From Parveen To Parveen Bano. For All Future Purposes Add- 62 Mahadev Mandir Ke Pas Devoli Road Tonk Rajasthan 304001

I Have Change My Name From Surjeet To Surjeet Singh. For All Purposses Add. Ward No 2 Odd Mohalla Semli Dilawar Alwar Rajasthan

I Have Changed My Name From Karmveer To New Name Karmveer Choudhary For All Purpose R/O Kunjala Bas Koonjla Bas Po.Rawantsar Kunjla Churu Raj 331303

I Have My Name From Gayatri To Gayatri Yadav For All Purposes R/O H.No.3216 Suttarkhana Mohalla W.N6 Nasirabad District Ajmer Raj 305601

I Have Change My Name Ayub Ali To Ayoob Khan For All Purpose In Future Add. Plot No.-496, Riddhi Siddhi Nagar, Benad, Jhotwara, Jaipur, Raj.

I Have Changed My Name From Abdul Kayyum To New Name Abdul Kayyum Matwan For All Proposes R/O Ward No 38 Mohalla Qureshiyan Sikar

I Have Changed My Name Raju Ram Jat To Raju Ram For All Future Purpose 61 Rajput Mohalla Piprali Tehsil Nawan Loonwa Nagaur Rajasthan 341509

I Have Changed My Name Poonam Verma To Poonam Shrivas For All Future Purpose Address 195 Paschim Vihar Vaishali Nagar Jaipur Rajasthan 302021